


**नॉर्थ ईस्टर्न इलेक्ट्रिक पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड**

**North Eastern Electric Power Corporation Limited**

**(भारत सरकार का उद्यम) (A Government of India Enterprise)**

**ब्रुकलैंड कम्पाउंड, लोअर न्यू कॉलोनी, शिलांग – 793003 , मेघालय**

**Brookland Compound, Lower New Colony, Shillong – 793003, Meghalaya**

**दिनांक: 21-02-2025** **विज्ञापन संख्या: नीपको/ 05/ 2025**

**कंपनी प्रोफाइल**

**नॉर्थ ईस्टर्न इलेक्ट्रिक पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड(समान अवसर प्रदान करने वाला नियोक्ता)** अनुसूची-ए, "मिनी रत्न" सीपीएसई (केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम) और एनटीपीसी की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी, जो भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्र में और 1976 के बाद से एक विश्वसनीय बिजली उत्पादन कंपनी है, जो विद्युत मंत्रालय के अंतर्गत एवं विशेष रूप से पूर्वोत्तर राज्यों के लिए क्षेत्र और देश की विशाल बिजली क्षमता का दोहन करने में उनके सर्वोत्तम हित में कार्य कर रही है।
नीपको देश के पूर्वोत्तर क्षेत्र में सबसे बड़े जल विद्युत संयंत्र के संचालन में गर्व महसूस करता है और जल, गैस आधारित और नवीकरणीय ऊर्जा स्टेशनों के संचालन में एकमात्र सीपीएसयू है। नीपको पूर्वोत्तर क्षेत्र के अत्यधिक कठिन और भू-तकनीकी रूप से संवेदनशील इलाके में जलविद्युत परियोजनाओं की योजना, डिजाइन और निर्माण एवं संचालन का अनुभव रखता है। नीपको निम्नलिखित पदों पर संगठन में शामिल होने के लिए उत्कृष्ट शैक्षणिक रिकॉर्ड के साथ होनहार, समर्पित, ऊर्जावान और युवा उद्यमी पेशेवरों की भर्ती करने जा रहा है:

| क्र. सं. | पद/ ग्रेड | रिक्तियाँ | अधिकतम आयु सीमा की गणना 01-01-2025 के अनुसार की जाएगी |
|---|---|---|---|
| 1 | कार्यकारी प्रशिक्षु (इलेक्ट्रिकल)<br>(ई-2) ग्रेड,<br>पोस्ट कोड- एचआर/ 34,<br>वेतनमान: ₹ 50,000-3% -1,60,000/- (आईडीए) | अनारक्षित- 09<br>अनुसूचित जाति - 02<br>अनुसूचित जन-जाति -01<br>ईडबल्यूएस- 01<br>**कुल : 13** | अनारक्षित/ईडबल्यूएस – 30 वर्ष<br>अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जन-जाति– 35 वर्ष |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2 | कार्यकारी प्रशिक्षु (वित्त),<br>(ई-2) ग्रेड,<br>पोस्ट कोड- एचआर/ 259,<br>वेतनमान: ₹ 50,000-3% -1,60,000/-<br>(आईडीए) | अनारक्षित - 07<br>अनुसूचित जन-जाति - 01<br>**कुल : 08** | अनारक्षित– 30 वर्ष<br>अनुसूचित जन-जाति– 35 वर्ष |
| 3 | कार्यकारी प्रशिक्षु (मानव संसाधन)<br>(ई-2) ग्रेड,<br>पोस्ट कोड- एचआर/ 159<br>वेतनमान: ₹ 50,000-3% -1,60,000/-<br>(आईडीए) | अनारक्षित- 06<br>अनुसूचित जन-जाति -01<br>अनुसूचित जाति - 02<br>ओबीसी(एनसीएल)- 01<br>**कुल : 10** | अनारक्षित– 30 वर्ष<br>अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जन-जाति– 35 वर्ष<br>ओबीसी(एनसीएल)-33 वर्ष |
| 4 | कार्यकारी प्रशिक्षु (भूविज्ञान)<br>(ई-2) ग्रेड,<br>पोस्ट कोड- एचआर/68<br>वेतनमान: ₹ 50,000-3% -1,60,000/-<br>(आईडीए) | अनारक्षित- 01<br>अनुसूचित जाति - 01<br>**कुल : 02** | अनारक्षित– 30 वर्ष<br>अनुसूचित जाति– 35 वर्ष |
| 5 | कार्यकारी प्रशिक्षु (विधि)<br>(ई-2) ग्रेड,<br>पोस्ट कोड- एचआर/185<br>वेतनमान: ₹ 50,000-3% -1,60,000/-<br>(आईडीए) | अनारक्षित- 01<br>**कुल : 01** | अनारक्षित– 30 वर्ष |
| 6 | कार्यकारी प्रशिक्षु (आईटी)<br>(ई-2) ग्रेड,<br>पोस्ट कोड- एचआर/52<br>वेतनमान: ₹ 50,000-3% -1,60,000/-<br>(आईडीए) | ओबीसी(एनसीएल)- 01<br>अनुसूचित जाति -01<br>**कुल : 02** | ओबीसी(एनसीएल)-33 वर्ष<br>अनुसूचित जन-जाति– 35 वर्ष |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 7 | सहायक कंपनी सचिव(प्रशिक्षु)<br>(ई-2) ग्रेड,<br>पोस्ट कोड- एचआर/239<br>वेतनमान: ₹ 50,000-3% -1,60,000/-<br>(आईडीए) | अनारक्षित- 01<br>**कुल : 01** | अनारक्षित– 30 वर्ष |

**शैक्षणिक:**

**<u>कार्यकारी प्रशिक्षु (इलेक्ट्रिकल) (ई-2 ग्रेड):</u>** किसी मान्यता प्राप्त संस्थान या विश्वविद्यालय से इलेक्ट्रिकल या प्रौद्योगिकी/एएमआईई/बीएससी इंजीनियरिंग में संबंधित संस्थान/विश्वविद्यालय के मानदंडों के अनुसार न्यूनतम 65% अंको (एससी/एसटी उम्मीदवार के लिए 55% अंक) के साथ पूर्णकालिक स्नातक की डिग्री।

उम्मीदवारों को **2024** में ग्रेजुएट एप्टीट्यूड टेस्ट इन इलैक्ट्रिकल इंजीनियरिंग (गेट) में शामिल होते हुए उत्तीर्ण होना चाहिए।

**<u>कार्यकारी प्रशिक्षु (वित्त) (ई-2 ग्रेड):</u>** सीए की अंतिम परीक्षा (इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित)/सीएमए (पहले आईसीडब्ल्यूए) (इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया द्वारा संचालित) निश्चित रूप से उत्तीर्ण होनी चाहिए और उम्मीदवार के पास सदस्यता प्रमाणपत्र भी होना चाहिए।

**<u>कार्यकारी प्रशिक्षु (मानव संसाधन) (ई-2 ग्रेड):</u>** पूर्णकालिक एमबीए के साथ स्नातक या कार्मिक एवं प्रशासन/औद्योगिक संबंध/मानव संसाधन विकास/मानव संसाधन प्रबंधन में न्यूनतम 2 वर्ष की वर्ष की अवधि का (65% अंक या समकक्ष ग्रेड में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से और और एससी/एसटी उम्मीदवारों के लिए 55% अंक) स्नातकोत्तर डिग्री/डिप्लोमा । उम्मीदवार को वर्ष 2024 **(जून साइकल)** में श्रम कल्याण/कार्मिक प्रबंधन/श्रम और समाज कल्याण/एचआरएम में यूजीसी-नेट में शामिल होना चाहिए और आवेदन करने के लिए यूजीसी-नेट के दोनों पत्रों में कम से कम 40% अंक प्राप्त होने चाहिए।

**<u>कार्यकारी प्रशिक्षु (भूविज्ञान) (ई-2 ग्रेड):</u>** मान्यता प्राप्त संस्थान या विश्वविद्यालय से अनुप्रयुक्त भूविज्ञान में पूर्णकालिक एम.एससी/एम.टेक. संबंधित संस्थान/विश्वविद्यालय के मानदंडों के अनुसार कम से कम 65% अंकों के साथ (एससी उम्मीदवारों के लिए 55% अंक)। उम्मीदवारों को वर्ष 2024 में भूविज्ञान/भूभौतिकी के लिए ग्रेजुएट एप्टीट्यूड टेस्ट इन इंजीनियरिंग (गेट) में उपस्थित होना और उत्तीर्ण होना चाहिए।

**<u>सहायक कंपनी सचिव (प्रशिक्षु)(ई-2 ग्रेड):</u>** स्नातक और एक योग्य कंपनी सचिव, जो भारत के कंपनी सचिव संस्थान (आईसीएसआई) से वैध सदस्यता रखते है। कानून में डिग्री एक अतिरिक्त योग्यता होगी।

**वांछनीय अनुभव:** अधिमानतः 1-2 साल कार्यकारी या केंद्रीय / राज्य उपक्रमों / स्वायत्त निकायों या कॉर्पोरेट कानूनों, अन्य वैधानिक और गैर-सांविधिक सचिवीय मामलों से निपटने वाले बड़े औद्योगिक संगठनों में वरिष्ठ पर्यवेक्षण स्तर पर अनुभव हो। सेबी/स्टॉक एक्सचेंज के अनुपालन की गहन जानकारी वांछनीय है।

**<u>कार्यकारी प्रशिक्षु (आईटी) (ई-2 ग्रेड):</u>** मान्यता प्राप्त संस्थान या विश्वविद्यालय से पूर्णकालिक बीई/बी.टेक/बीएससी इंजीनियरिंग (कंप्यूटर विज्ञान/कंप्यूटर इंजीनियरिंग/इलेक्ट्रॉनिक्स/आईटी) या एमसीए, संबंधित संस्थान/विश्वविद्यालय के मानदंडों के अनुसार कम से कम 65% अंकों के साथ (एससी उम्मीदवारों के लिए 55% अंक)। उम्मीदवारों को कंप्यूटर विज्ञान और सूचना प्रौद्योगिकी (सीएस) के लिए 2024 में ग्रेजुएट एप्टीट्यूड टेस्ट इन इंजीनियरिंग (गेट) में उपस्थित होना और उत्तीर्ण होना चाहिए।

**<u>कार्यकारी प्रशिक्षु (विधि) (ई-2 ग्रेड):</u>** एलएलबी के साथ स्नातक (भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त तीन वर्ष का पूर्णकालिक पाठ्यक्रम (+) अधिवक्ता या न्यायिक सेवा के रूप में या सीपीएसयू में कानून की अदालत में दो साल का अभ्यास /कानून की अदालत में पीएसयू का प्रतिनिधित्व या सीपीएसयू/भारत सरकार /राज्य सरकार में अगले नीचे के ग्रेड में तीन साल का अनुभव। उम्मीदवारों को पीजी पाठ्यक्रमों के लिए 2025 में सीएलएटी परीक्षा में उपस्थित और उत्तीर्ण होना चाहिए।

**संक्षिप्ताक्षर:**

यूआर- अनारक्षित श्रेणी, एससी- अनुसूचित जाति, एसटी- अनुसूचित जनजाति, ओबीसी (वैध एनसीएल)- अन्य पिछड़ा वर्ग (वैध नॉन-क्रीमी लेयर), ईएसएम- पूर्व सैनिक, ईडब्ल्यूएस- आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, पीडब्ल्यूडी- बेंचमार्क दिव्यांगता वाले व्यक्ति।

**प्रतिपूर्ति पैकेज:**

**चयनित उम्मीदवार को 50,000-3%-1,60,000/- रुपये के आईडीए वेतनमान में रखा जाएगा और उनका मासिक वेतन 50,000/- रुपये + आज की तिथि के अनुसार मूल वेतन का डीए होगा + लागू दर पर एचआरए (जहां निगम आवास उपलब्ध नहीं है) + कैफेटेरिया @ मूल वेतन का 35% + स्थान आधारित भत्ता (एलबीए) @ मूल वेतन का 10%+ भविष्य निधि अंशदान हेतु मूल वेतन का 12% के साथ डीए + एनईडीसीएसएस (नीपको कर्मचारी परिभाषित अंशदान सेवानिवृत्ति योजना) हेतु मूल वेतन का 9% के साथ डीए होगा। अन्य लाभ जैसे अवकाश, स्वयं और आश्रित परिवार के सदस्यों के लिए चिकित्सा लाभ, प्रदर्शन से संबंधित वेतन (पीआरपी), ग्रेच्युटी (जैसा लागू हो), यूनिफ़ॉर्म, संचार व्यय और फर्नीचर प्रतिपूर्ति, जो ग्रेड में लागू हो, समय-समय पर लागू कंपनी नियमों के अनुसार स्वीकार्य होंगे।**
**न्यूनतम मासिक वेतन लगभग 1,00,000 (रूपये एक लाख) होगा।**

**नियुक्ति**

**चयनित उम्मीदवारों को निगम के किसी एक या एक से अधिक स्थानों पर एक वर्ष का प्रशिक्षण दिया जाएगा। उम्मीदवारों को देश भर में निगम के किसी भी परियोजना/स्टेशन/कार्यालय में तैनात किया जा सकता है। देश में कहीं भी काम करने के लिए उम्मीदवार की सहमति होने पर उम्मीदवारों के आवेदन पर विचार किया जाएगा । प्रशिक्षण के सफल समापन पर उन्हें ई-3 ग्रेड में रखा जाएगा।**




**छूट एवं रियायतें :**

अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति /ओबीसी (एनसीएल)/ ईएसएम / पीडबल्यूबीडी के लिए अधिकतम आयु में छूट की अनुमति भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार दी जाएगी। उन उम्मीदवारों के लिए अधिकतम आयु सीमा में छूट जो आमतौर पर जम्मू और कश्मीर राज्य में 01.01.1980 से 31.12.1989 तक अधिवासित थे, उन्हें भी भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार अनुमति दी जाएगी।

**सेवा अनुबंध बांड:**

चयनित उम्मीदवार को उनके द्वारा विधिवत निष्पादित (अपेक्षित मूल्य के गैर-न्यायिक स्टाम्प पेपर) एक गैर-हस्तांतरणीय सेवा समझौते और ज़मानत बांड को निष्पादित करने की आवश्यकता होगी तथा सामान्य/ईडबल्यूएस/ओबीसी(एनसीएल) उम्मीदवार के मामले में रु.2,50,000/- (दो लाख,पचास हजार रुपये) केवल एवं अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवार के मामले में रु.1,25,000/- (एक लाख, पच्चीस हजार रुपये) केवल से अधिक नहीं की राशि के लिए संतोषजनक और पर्याप्त साधन के व्यक्ति की ज़मानत के रूप में प्रतिभूति देनी होगी। नियुक्ति पर कर्तव्यों का सफल निर्वहन हासिल करने के लिए कार्यकारी प्रशिक्षु (इलेक्ट्रिकल)/ कार्यकारी प्रशिक्षु(वित्त)/ कार्यकारी प्रशिक्षु (मानव संसाधन)/ कार्यकारी प्रशिक्षु(आईटी)/ कार्यकारी प्रशिक्षु (विधि)/ कार्यकारी प्रशिक्षु (भू-विज्ञान)/सहायक कंपनी सचिव (प्रशिक्षु) को कंपनी में कम से कम 5 (पांच) वर्ष की अवधि के लिए सेवा करनी होगी, जिसमें प्रशिक्षण की अवधि भी शामिल है, यदि नियुक्ति नियमित की जाती है।

**चयन प्रक्रिया:**

चयन प्रक्रिया में ऑनलाइन आवेदन की जांच और प्रबंधन द्वारा तय किए गए शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों का ऑनलाइन व्यक्तिगत साक्षात्कार शामिल होंगे।

1) करियर सेक्शन के तहत **www.neepco.co.in** पर अद्यतन सूचना उपलब्ध कराई जाएगी।

2) कॉल लेटर, ऑनलाइन भर्ती पोर्टल पर डाउनलोड करने योग्य पीडीएफ प्रारूप में उपलब्ध कराए जाएंगे। इसके अतिरिक्त, उनके जारी होने पर एसएमएस या ईमेल के माध्यम से सूचनाएं भेजी जाएंगी।

3) उपरोक्त उल्लिखित मूल योग्यता के अतिरिक्त, निम्नलिखित पद के लिए:

- क) **कार्यकारी प्रशिक्षु (इलेक्ट्रिकल),** (उम्मीदवारों को ग्रेजुएट एप्टीट्यूड टेस्ट इन इंजीनियरिंग (गेट)-2024 में उपस्थित होना और उत्तीर्ण होना चाहिए।
- ख) **कार्यकारी प्रशिक्षु (वित्त),** उम्मीदवारों के पास उपयुक्त प्राधिकारी द्वारा जारी सीए/सीएमए सदस्यता प्रमाणपत्र होना चाहिए।
- ग) **कार्यकारी प्रशिक्षु (मानव संसाधन),** उम्मीदवारों को 2024 (जून साइकल) में श्रम कल्याण / कार्मिक प्रबंधन / श्रम और सामाजिक कल्याण / मानव संसाधन प्रबंधन में यूजीसी-नेट में उपस्थित और उत्तीर्ण होना चाहिए।
- घ) **कार्यकारी प्रशिक्षु (आईटी),** उम्मीदवारों को कंप्यूटर विज्ञान और सूचना प्रौद्योगिकी (सीएस) के लिए ग्रेजुएट एप्टीट्यूड टेस्ट इन इंजीनियरिंग (गेट) -2024 में उपस्थित होना और उत्तीर्ण होना चाहिए।
- ङ) **कार्यकारी प्रशिक्षु (भूविज्ञान),** उम्मीदवारों को भूविज्ञान / भूभौतिकी के लिए इंजीनियरिंग में स्नातक योग्यता परीक्षा (गेट) -2024 में उपस्थित होना और उत्तीर्ण होना चाहिए।

च) **<u>कार्यकारी प्रशिक्षु (विधि),</u>** उम्मीदवारों को पीजी पाठ्यक्रमों के लिए 2025 में सीएलएटी परीक्षा में उपस्थित होना और उत्तीर्ण होना चाहिए।

4) आवेदनों की संख्या के आधार पर, नीपको के पास कट ऑफ अंक के लिए पात्रता मानदंड तय करने और बुलाए जाने वाले उम्मीदवारों की संख्या सीमित करने एवं स्क्रीनिंग के तरीके या उसके चयन के तरीके के बारे में निर्णय लेने का अधिकार सुरक्षित है। चयन प्रक्रिया के लिए या गैर-चयन के लिए उम्मीदवारों को नहीं बुलाने के लिए कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा। इस संबंध में नीपको का निर्णय अंतिम होगा और सभी उम्मीदवारों के लिए बाध्यकारी होगा।

5) योग्यता के क्रम में और आवश्यकता के आधार पर उपयुक्त उम्मीदवार को नियुक्ति प्रस्ताव जारी किया जाएगा।

6) यदि एक से अधिक अभ्यर्थी समान अंक प्राप्त करते हैं, तो वरिष्ठ जन्मतिथि वाले अभ्यर्थी (आयु में अधिक) को मेरिट सूची में स्थान देने पर विचार किया जाएगा।

**साक्षात्कार के बारे में:**

**योग्यता के क्रम में उम्मीदवारों को व्यक्तिगत साक्षात्कार के लिए शॉर्टलिस्ट किया जाएगा और उम्मीदवारों की संख्या को सीमित या बढ़ाया जा सकता है। उम्मीदवारों की शॉर्टलिस्टिंग गेट (इलेक्ट्रिकल) / सीए / सीएमए (पहले आईसीडब्ल्यूए) / यूजीसी-नेट (श्रम कल्याण / कार्मिक प्रबंधन / श्रम और समाज कल्याण / एचआरएम)/ गेट (कंप्यूटर विज्ञान और सूचना प्रौद्योगिकी (सीएस)) / गेट (भूविज्ञान / भूभौतिकी) / सीएलएटी / कंपनी सेक्रेटरीशिप में प्राप्त अंकों के आधार पर की जाएगी।**

**व्यक्तिगत साक्षात्कार में सामान्य ज्ञान, नौकरी के लिए योग्यता, पाठ्योत्तर गतिविधियाँ, व्यावसायिक विशिष्ट ज्ञान शामिल होंगे।**

**आवेदन कैसे किया जाए:**

**इच्छुक पात्र उम्मीदवार केवल https://neepco.co.in/ पर करियर वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन करें। आवेदन जमा करने की कोई अन्य विधि स्वीकार नहीं की जाएगी।**

1) **ऑनलाइन आवेदन फॉर्म भरने से पहले विस्तृत विज्ञापन और निर्देश पढ़ें।**
2) **केवल वे अभ्यर्थी जो गेट-2024 में उपस्थित हुए हैं और जिनके पास गेट पंजीकरण संख्या के साथ वैध स्कोर है, वैध आवेदन संख्या, नवीनतम सीएलएटी 2025 (पीजी पाठ्यक्रम) और अनुभव प्रमाण पत्र के साथ यूजीसी नेट 2024 (जून साइकल) में उपस्थित हुए हैं और वे अभ्यर्थी जो सीए / सीएमए / कंपनी सेक्रेटरीशिप की अंतिम परीक्षा उत्तीर्ण कर चुके हैं, वे ही इस विज्ञापन के तहत संबंधित पदों के लिए आवेदन कर सकते हैं।**
3) सामान्य / ईडब्ल्यूएस और ओबीसी(एनसीएल) वर्ग से संबंधित उम्मीदवारों को 560/- रुपये (पांच सौ साठ रुपये) के गैर-वापसी योग्य आवेदन शुल्क का भुगतान करना होगा। एससी/एसटी/पीडब्ल्यूबीडी/ईएसएम श्रेणी और महिला उम्मीदवारों को आवेदन शुल्क का भुगतान करने की आवश्यकता नहीं है।
   **शुल्क का भुगतान** कृपया **नीपको** के पक्ष में एसबीआई ई-पे के माध्यम से किया जाए।
   **एक बार भुगतान किया गया शुल्क किसी भी परिस्थिति में वापस नहीं किया जाएगा। इसलिए उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे पंजीकरण शुल्क का भुगतान करने से पहले अपनी पात्रता मानदंडों को सत्यापित करें।**

4) अभ्यर्थी को गेट-2024 पंजीकरण संख्या, यूजीसी नेट 2024 (जून साइकल), नवीनतम सीएलएटी 2025 (पीजी पाठ्यक्रम), सीए/सीएमए पंजीकरण संख्या और कंपनी सचिव पंजीकरण संख्या सहित सटीक जानकारी देते हुए ऑनलाइन आवेदन करना होगा।वैध डेटा भरने पर, सिस्टम एक यूनिक पंजीकरण/आवेदन संख्या उत्पन्न करेगा। प्रमाणपत्रों की स्कैन की गई प्रतियां सुपाठ्य होनी चाहिए अन्यथा उम्मीदवारी को रद्द/अस्वीकृत माना जाएगा।

5) **ऑनलाइन आवेदन जमा करने की प्रक्रिया 21-02-2025 से शुरू होगी और 13-03-2025 को बंद होगी।**

6) आवेदन करने से पहले, अभ्यर्थियों को यह सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि वे विज्ञापन में उल्लिखित पात्रता मानदंड और अन्य मानदंडों को पूरा करते हैं।

7) **आवेदन करने के चरण:**

चरण 1: www.neepco.co.in पर लॉग ऑन करें।

चरण 2: सामान्य, ईडब्ल्यूएस और ओबीसी(एनसीएल) श्रेणी के उम्मीदवारों को आवेदन शुल्क का भुगतान करना चाहिए।

चरण 3: संबंधित विवरण के साथ ऑनलाइन आवेदन पत्र भरें और जमा करें।

चरण 4: ऑनलाइन पंजीकरण के लिए आवेदन करने से पहले उम्मीदवार द्वारा अपलोड करने के लिए नीचे उल्लिखित निम्नलिखित दस्तावेजों की स्कैन की गई प्रतियां तैयार रखें:

क) जन्म तिथि के प्रमाण के रूप में मैट्रिकुलेशन/माध्यमिक विद्यालय प्रमाणपत्र (जहां जन्म तिथि का उल्लेख किया गया है) (अनिवार्य) ।

ख) शैक्षणिक के संबंधन में भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त दसवीं, बारहवीं, स्नातक (इंजीनियरिंग) (एलएलबी) / सीए / सीएमए और स्नातकोत्तर / एमबीए का मार्कशीट / प्रमाण पत्र का पूरा सेट (अनिवार्य)।

ग) गेट-2024 स्कोर कार्ड / यूजीसी नेट- 2024 (जून साइकल) स्कोर कार्ड / सीए / सीएमए प्रमाण पत्र और मार्कशीट की स्कैन कॉपी, कंपनी सचिव सदस्यता और मार्कशीट की कॉपी, सीएलएटी 2025 स्कोर कार्ड और मार्कशीट, एलएलबी मार्कशीट और प्रमाण पत्र के साथ अनुभव प्रमाण पत्र जैसा कि पूर्व-पृष्ठ संख्या 3 में विस्तृत है (अनिवार्य)।

घ) जाति प्रमाण पत्र (एससी/एसटी/ओबीसी (एनसीएल)) भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप में होना चाहिए (यदि लागू हो)।

ङ) ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र उपयुक्त सरकारी प्राधिकरण (यदि लागू हो) द्वारा चालू वित्तीय वर्ष में जारी किया गया होना चाहिए।

च) ग्रेड/सीजीपीए को अंकों के प्रतिशत में परिवर्तित करने का प्रमाणपत्र उस विश्वविद्यालय/संस्थान द्वारा प्रमाणित प्रक्रिया पर आधारित होगा जहां से उन्होंने स्नातक डिग्री/स्नातकोत्तर डिग्री प्राप्त की है।

छ) हाल की पासपोर्ट आकार की रंगीन तस्वीर (जेपीईजी, आकार: 20 केबी से 100 केबी तक)

ज) हस्ताक्षर (जेपीईजी, आकार: 20 केबी से 100 केबी तक)

चरण 5: उम्मीदवार को ऑनलाइन आवेदन पत्र में दिए गए अलग स्थान में उपर्युक्त दस्तावेजों/प्रमाणपत्रों (जैसा लागू हो) की स्कैन की हुई प्रतियां अपलोड करनी चाहिए।

चरण 6: भविष्य के संदर्भ के लिए सिस्टम द्वारा उत्पन्न पंजीकरण पर्ची/फॉर्म का प्रिंट आउट लें।

8) **<u>अधिकतम आयु सीमा की गणना 01-01-2025 के अनुसार की जाएगी।</u>**

9) आवेदन करने से पहले, उम्मीदवारों को यह सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि वे विज्ञापन में उल्लिखित पात्रता मानदंड और अन्य मानदंडों को पूरा करते हैं। यदि उम्मीदवार द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर व्यक्तिगत साक्षात्कार के लिए बुलाया जाता है, लेकिन वह पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं करता है, तो उसे व्यक्तिगत साक्षात्कार में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

10) उम्मीदवारों के पास एक वैध और सक्रिय ई-मेल आईडी होना आवश्यक है, उम्मीदवारों को भेजे गए किसी भी ईमेल के बाउंस बैक के लिए नीपको जिम्मेदार नहीं होगा।

11) उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे परिणाम घोषित होने तक अपना ई-मेल आईडी, मोबाइल नंबर सक्रिय रखें। एक बार दर्ज करने के बाद ई-मेल आईडी और मोबाइल नंबर में कोई बदलाव की अनुमति नहीं दी जाएगी। भविष्य के सभी पत्राचार केवल भर्ती पोर्टल के माध्यम से भेजे जाएंगे।

**सामान्य सूचना एवं निर्देश:**

1) केवल 18 वर्ष से अधिक आयु के भारतीय नागरिक ही आवेदन करने के पात्र हैं।
2) किसी विशेष श्रेणी से संबंधित होने का दावा करने वाले अभ्यर्थियों के पास, जैसा भी मामला हो, उपयुक्त प्राधिकारी द्वारा जारी किया गया अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/ओबीसी(एनसीएल)/ईडबल्यूएस प्रमाण पत्र होना आवश्यक है।
3) ईडब्ल्यूएस उम्मीदवारों को भारत सरकार के निर्धारित प्रारूप में सक्षम प्राधिकारी से अपेक्षित प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक है। ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र केवल चालू वित्तीय वर्ष में ही जारी किया जाना है।
4) **जो उम्मीदवार अभी भी अपना पाठ्यक्रम कर रहे हैं या अंतिम परिणाम की प्रतीक्षा कर रहे हैं**, **उन्हें आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है।**
5) न्यूनतम योग्यता और अनुभव पूरा करने मात्र से अभ्यर्थी को व्यक्तिगत साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने का कोई अधिकार नहीं मिलेगा।
6) नीपको बिना कोई कारण बताए विज्ञापित रिक्ति को बढ़ाने / घटाने या भरने / न भरने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
7) भर्ती प्रक्रिया के किसी भी स्तर पर या भर्ती या शामिल होने के बाद उम्मीदवार को निरस्त कर दिया जा सकता है, अगर उम्मीदवार द्वारा प्रदान की गई कोई भी जानकारी गलत पाई जाती है या विज्ञापन में उल्लिखित पात्रता मानदंड के अनुरूप नहीं पाई जाती है।
8) अधूरे आवेदन या निर्धारित दस्तावेज़ / प्रमाण पत्र के बिना या अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों को पूर्णतः रद्द कर दिया जाएगा।
9) यदि कोई भी प्रमाण पत्र/दस्तावेज हिंदी/अंग्रेजी के अलावा किसी अन्य भाषा में है, तो उम्मीदवार को सलाह दी जाती है कि वह हिंदी या अंग्रेजी भाषा में भी इसकी एक अनुवादित प्रति जमा करें।
10) सरकारी विभागों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/स्वायत्त निकायों में नियोजित उम्मीदवारों को उचित माध्यम से आवेदन करना होगा या साक्षात्कार के समय अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना चाहिए और उक्त पद के लिए चयनित होने पर कार्यग्रहण के समय कार्यमुक्ति पत्र प्रस्तुत करना होगा।

11) बाउंस होने, देरी या प्राप्त न होने पर निगम किसी भी प्रकार से जिम्मेदार नहीं होगा।
12) इस संबंध में अंतरिम पूछताछ पर विचार नहीं किया जाएगा।
13) अपूर्ण आवेदन को पूर्णतः रद्द कर दिया जाएगा। धुंधला/अस्पष्ट फोटोग्राफ/हस्ताक्षर/अन्य स्कैन किए गए दस्तावेजों के साथ आवेदन खारिज कर दिया जाएगा।
14) आवेदन शुल्क अप्रतिदेय है भले ही उम्मीदवारी किसी भी कारण से खारिज कर दी गई हो।
15) क्लाइंट सिस्टम की अनुकूलता, उपयोगकर्ताओं की अज्ञानता, इंटरनेट कनेक्टिविटी की अनुपलब्धता या नीपको या सिस्टम के प्रत्यक्ष नियंत्रण से परे किसी अन्य पहलू के कारण शिकायतों पर विचार नहीं किया जाएगा।
16) **सभी पत्राचार हमारे भर्ती पोर्टल के माध्यम से किए जाएंगे।**
17) अंग्रेजी के अलावा अन्य संस्करण में व्याख्या के कारण उत्पन्न होने वाली किसी भी अस्पष्टता/विवाद के मामले में, अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।
18) नीपको बिना कोई नोटिस जारी किए या बिना कोई कारण बताए भर्ती प्रक्रिया में किसी भी शर्त/प्रावधान को रद्द/संशोधित/प्रतिबंधित/विस्तार/बदलने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
19) प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से प्रचार करने वाले उम्मीदवारों को अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा।
20) अभ्यर्थियों को भारत में कहीं भी तैनात किया जाएगा।
21) इस विज्ञापन और/या उसके जवाब में आवेदन से उत्पन्न किसी भी विवाद के मामले में कानूनी क्षेत्राधिकार शिलांग, मेघालय होगा।

**विज्ञापन संख्या नीपको/05/2024 के तहत ऑनलाइन पंजीकरण आदि की अनुसूची**

| | |
|---|---|
| **ऑनलाइन आवेदन पंजीकरण की शुरुआत** | **21-02-2025** |
| **ऑनलाइन आवेदन पंजीकरण की समाप्ति** | **13-03-2025** |

**भर्ती प्रकोष्ठ का संपर्क ई-मेल आईडी:** recruitment@neepco.co.in